दैनिक जागरण

झारखंड, बिहार, प. बंगाल, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित

रांची, रविवार
8 दिसंबर, 2024

नगर

मूल्य ₹ 6.00

पृष्ठ 18+4+4=26

www.jagran.com

रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने किया कला का प्रदर्शन

रांची (वि.) : इंटर स्कूल रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन डीएवी नंदराज में किया गया। इसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल की कक्षा 11वीं की छात्रा पल्लवी कुमारी और विशालक्षी प्रिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके द्वारा बनाई गई रंगोली न केवल सुंदरता का प्रतीक थी बल्कि उसमें रचनात्मकता और सांस्कृतिक मूल्यों का भी अद्भुत समावेश था। इस उपलब्धि पर डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ने कहा पल्लवी और विशालक्षी की यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों के सर्वांगीण विकास और सांस्कृतिक समृद्धि को प्रोत्साहित करती हैं।